# 204

**II**

**Total No. of Questions – 16**
**Total No. of Printed Pages - 4**

**Regd. No.** | | | | | | | | | | |

## Part – II
## Hindi, Paper – II
### (Second Language)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 100**

**सूचनाएँ :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

**खण्ड – 'क'** **(60 अंक)**

1. निम्नलिखित दोहे की पूर्ति करते हुए भावार्थ सहित विशेषताएँ लिखिए : **$1 \times 8 = 8$**
विद्या धन ..............................................
.............................................. पंखा का पौन ।।
**अथवा**
कनक कनक ..............................................
.............................................. पाये बौराय ।।

2. किसी एक कविता का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : **$1 \times 6 = 6$**
(1) सीख
(2) मिट्टी की महिमा

3. किसी एक पाठ का सारांश 20 पंक्तियों में लिखिए : **$1 \times 6 = 6$**
(1) आलस्य और दृढ़ता
(2) दो कलाकार

4. किसी एक एकांकी का सारांश लिखिए : **$1 \times 6 = 6$**
(1) छींक
(2) संघमित्रा

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **$2 \times 4 = 8$**
(1) असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।
(2) फसलें उगतीं, फसलें कटतीं, लेकिन धरती चिर उर्वर है,
सौ बार बने, सौ बार मिटे, लेकिन मिट्टी अविनश्वर है ।

(3) यह धरती
जगती उनकी है
जो अपने ही नहीं
दूसरों के हित भी
जीवित रहते.....

(4) घर की ही दीवार जब जलाने लगे घर-द्वार
रोशनी पलट जाए बन जाए अंधकार
पर्दे में भरोसे के जब पलने लगे अनाचार
व्यक्ति मान बैठे जब अपने को अवतार

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 4 = 8$

(1) विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है।

(2) 'उनकी वाणी में वह दिव्य प्रभाव था कि सुननेवाले आत्म-विस्मृत हो जाते थे।'

(3) 'अरे क्रीम है, इससे जाड़ों में चेहरा चिकना बना रहता है, काला नहीं पड़ता।'

(4) तब से आज तक कूर्मांचल के जंगलों में एक चिड़िया दर्द भरे स्वर में बार-बार पूछती है, जुहो ! जुहो ! जुहो !

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) बरात में जाना कैसा कार्य है ?

(2) स्वामी विवेकानंद के जीवन से क्या-क्या प्रेरणाएँ मिलती हैं ?

(3) ललिता का स्वभाव कैसा था ?

(4) कूर्मांचल प्रदेश का दर्शन करनेवाले महान पुरुषों के नाम लिखिए।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(1) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में उमा के विचारों पर प्रकाश डालिए।

(2) पंडित पंचम मिसिर कैसा व्यक्ति है ?

(3) कलिंग युद्ध के पहले अशोक का स्वभाव कैसा था ?

(4) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) वृन्द किसके दरबारी कवि थे ?

(2) बिहारीलाल की प्रमुख रचना कौन सी है ?

(3) हालावाद के प्रवर्तक कौन हैं ?

(4) मन में रोका हुआ हर शब्द क्या बनेगा ?

(5) सिंधु में डुबकियाँ कौन लगाता है ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

(1) डॉक्टर बसवालों से क्या झूठ बोलता है ?

(2) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम क्या था ?

(3) ललिता किसकी बाल्यसखी थी ?

(4) कूर्मांचल प्रदेश में बहनेवाली नदी का नाम क्या है ?

(5) स्वामी विवेकानंद के गुरु कौन थे ?

## खण्ड – 'ख' (40 अंक)

11. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर इसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 2 = 8$

आदर्श विद्यार्थी, लगन और तपस्या की आँच में पिघलकर स्वयं को सोना बनाता है। जो छात्र सुख-सुविधा और आराम के चक्कर में पड़े रहते हैं, वे अपने जीवन की नींव को ही कमजोर बना लेते हैं। परिश्रमी विद्यार्थी को यदि सफलता न मिले, तो वह निराश नहीं होता है। बल्कि वह बार-बार मेहनत करके सफलता प्राप्त करता है। वह सदा यह जानने की इच्छा रखता है व जानने के लिए सचेष्ट रहता है कि कार्य में सफलता क्यों नहीं मिली। वह यह भी जानता है कि बिना परिश्रम के केवल इच्छा मात्र से ही सफलता नहीं प्राप्त कर सकता है। अर्थात् परिश्रम से ही कार्य पूर्ण होते हैं। इससे सिद्ध होता है कि सफलता प्राप्त करने के लिए हमें बार-बार अभ्यास एवं कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार रस्सी के बार-बार घिसने से पत्थर पर भी निशान बन जाता है।

प्रश्न :

(1) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) आदर्श विद्यार्थी में किन गुणों का होना आवश्यक है ?

(3) जीवन की नींव कमज़ोर क्यों हो जाती है ?

(4) परिश्रमी विद्यार्थी असफल होने पर क्या करते हैं ?

12. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : $6 \times 1 = 6$

| | | |
|---|---|---|
| (1) विद्यालय | (2) महेश | (3) इत्यादि |
| (4) महोत्सव | (5) मुनींद्र | (6) सद्भावना |
| (7) स्वागत | (8) वागीश | (9) जगदीश |
| (10) सज्जन | | |

13. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छः शब्दों के समास के नाम लिखिए : $6 \times 1 = 6$

| | | |
|---|---|---|
| (1) माता-पिता | (2) भरपेट | (3) नवरस |
| (4) पंकज | (5) चक्रधर | (6) दीननाथ |
| (7) अरुण तारा | (8) नीली गाय | (9) प्रतिदिन |
| (10) जलज | | |

14. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **चार** का अर्थ लिखिए : **4 × 1 = 4**

(1) अँगूठा दिखाना
(2) अक्ल का दुश्मन
(3) अपने पैरों पर खड़े होना
(4) आँखों में धूल झोंकना
(5) आसमान टूटना
(6) कंचन बरसना
(7) हाथ मलना
(8) नाम कमाना

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए : **4 × 1 = 4**

(1) अंधों में काना राजा
(2) एक पंथ दो काज
(3) काला अक्षर भैंस बराबर
(4) लकड़ी के बल बंदरिया नाचे
(5) जो गरजे सो बरसे नहीं
(6) चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात
(7) आगे कुआँ पीछे खाई
(8) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

15. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षिप्तीकरण कीजिए : **1 × 6 = 6**

गंगा तो विशेषकर भारत की नदी है, जनता की प्रिय है । उससे भारत की जातियाँ, स्मृतियाँ, उसकी आशाएँ और उसके भय, उसके विजयगान, उसकी विजय से लिपटी हुई है । गंगा तो भारत की सभ्यता का प्रतीक रही है, विज्ञान रही है, सदा बदलती, सदा बहती, फिर वही गंगा की गंगा । वह मुझे याद दिलाती है हिमालय बर्फ से ढकी चोटियों की और गहरी वादियों की, जिनसे मुझे मुहब्बत रही है और उनके नीचे उपजाऊ और दूर-दूर तक फैले मैदान जहाँ काम करते मेरी जिंदगी गुजरी है ।

16. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के वाच्य बदलिए : **3 × 2 = 6**

(1) राम पाठ पढ़ता है ।
(2) उनसे काम किया गया ।
(3) पिताजी मिठाई लाये थे ।
(4) गोपाल से कविता लिखी जायेगी ।
(5) ललिता नहीं सोती है ।
(6) राम नदी में तैर रहा है ।